an>

Title:

श्री विनायक भाऊराव राऊत **(रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) :** अध्यक्ष महोदया, महाराष्ट्र राज्य पिछले तीन वर्षों से बड़ी मुसीबतों से गुजर रहा है। पहले दो वर्ष सूखा पड़ा और इस वर्ष बेमौसम बरसात हुई। खरीफ और रबी की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। इस वजह से गरीब किसानों को खाने की मुसीबत हो रही है। महाराष्ट्र शासन पिछले दो वर्षों से केन्द्रीय अन्न सुरक्षा योजना के अंतर्गत उपलब्ध अनाज के लिए कोशिश कर रहा है। दुर्भाग्य से वह आज तक नहीं मिला। फिर भी महाराष्ट्र शासन ने 14 मार्च को वहां के लाभार्थियों की संख्या केन्द्र शासन के पास भेजी है। उसके बावजूद 21 अगस्त, 2014, 18 नवम्बर, 2014 और 12 जनवरी, 2015 को एक बार फिर महाराष्ट्र शासन ने केन्द्र शासन को लिखा और विनती की कि केन्द्रीय अन्न सुरक्षा योजना के अंतर्गत जो अनाज महाराष्ट्र को मिलना चाहिए, वह तुरंत रिलीज़ करने का प्रावधान किया जाए। दुर्भाग्य से वह भी आज तक नहीं हुआ। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि इस पर ध्यान दें और महाराष्ट्र के गरीब लोगों के घर में अनाज भिजवाने का कार्य करें। धन्यवाद।